तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **नीरज शर्मा बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 73/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/11/2024	अपीलार्थी नीरज शर्मा निवासी सी–44, मूर्ति कला कॉलोनी, ओपलपुरा जयपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.06.2024 को राजस्थान सिविल सेवा इन्टर जोनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष(अतिरिक्त जिला कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2178 दिनांक 04.11.2024 से बतलाया कि प्रार्थी से संबंधित सूचना के लिए पत्रांक 2177 दिनांक 04.11.2024 के जरिये अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर द्वितीय, जोधपुर को पत्र प्रेषित किया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–द्वितीय/शहर प्रथम, जोधपुर) के स्तर से लंबित न होकर लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर द्वितीय, जोधपुर) के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर द्वितीय, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत करावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by G... av Agrawal
Designation: Colle... r & District Magistrate
Date: 2024.11.2... 7:59:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12034628